# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 8th- 3rd Lang. | Department: Hindi | Date – ----/12/ 2024 |
|---|---|---|
| Worksheet No:7 | Topic: अर्थग्रहण | Note: File it in your portfolio |

प्र-अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

सालों पहले चाँदनगर के पास एक जंगल था। वहाँ एक बड़ा-सा बरगद का पेड़ था, जिस पर एक मैना और एक कोयल दोनों अपने-अपने घोंसले में रहते थे। एक रात उस जंगल में तेज़ आँधी चलने लगी। देखते-ही-देखते बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में जंगल में सब कुछ बर्बाद हो गया।

अगले दिन मैना और कोयल को अपनी भूख मिटाने के लिए कुछ भी नहीं मिला। तभी कोयल ने मैना से कहा, "हम इतने प्यार से इस जंगल में रहते हैं लेकिन अब हमारे पास खाने के लिए कुछ नहीं है। तो क्यों न जब मैं अंडा दूँ, तो तुम उसे खाकर अपनी भूख मिटाना और जब तुम अंडा दोगी, तो उसे खाकर मैं अपनी भूख मिटा लूँगी!"

मैना ने कोयल की बात पर सहमति जताई। संयोग से सबसे पहले मैना ने अंडा दिया और कोयल ने उसे खाकर अपनी भूख मिटा ली। फिर कोयल ने अंडा दिया। मैना जैसे ही कोयल का अंडा खाने लगी तो कोयल ने उसे रोक दिया।

कोयल ने कहा, "तुम्हारी चोंच साफ नहीं है। तुम इसे धोकर आओ। फिर अंडा खाना।"
भागकर मैना नदी के किनारे गई। उसने नदी से कहा, "तुम मुझे पानी दो। मैं अपनी चोंच धोकर कोयल का अंडा खाऊँगी।"

नदी बोली, "ठीक है! पानी के लिए तुम एक बर्तन लेकर आओ।"

अब मैना जल्दी से कुम्हार के पास बर्तन माँगने के लिए पहुँची। कुम्हार ने कहा, "तुम मुझे मिट्टी लाकर दो, मैं तुम्हें बर्तन बनाकर दे देता हूँ।"

यह सुनते ही मैना, धरती माँ से मिट्टी माँगने लगी। धरती माँ बोली, "मैं मिट्टी दे दूँगी लेकिन तुम्हें खुरपी लानी होगी। उसी से खोदकर मिट्टी निकलेगी।"

दौड़ते हुए मैना लोहार के पास पहुँची। उसने लोहार से कहा, "मुझे खुरपी दे दो। उससे मैं मिट्टी निकालकर कुम्हार को दूँगी और बर्तन लूँगी फिर बर्तन में पानी भरूँगी और उस पानी से अपनी चोंच धोकर कोयल का अंडा खाऊँगी।"

लोहार ने गर्म-गर्म खुरपी उसे दे दी। जैसे ही उसने उसे पकड़ा उसकी चोंच जल गई और वह तड़पते हुए मर गई।

इस तरह चतुराई से कोयल ने अपने अंडे बचा लिए।

**शिक्षा-** कहानी यह सीख देती है कि दूसरों पर आँख बंद करके भरोसा नहीं करना चाहिए। इससे नुकसान खुद का ही होता है।

1- चाँदनगर के पास एक जंगल में किसका पेड़ था?

पीपल का　　नीम का　　बरगद का　　आम का

2- उस पेड़ पर किसके घोंसले थे?

कोयल और कबूतर के　　कबूतर और कौवे के

कोयल और मैना के　　मैना और अंडे के

3- सबसे पहले किसने अंडा दिया?

कोयल ने　　कबूतर ने　　मैना ने　　कौवे ने

4- लोहार ने किसे खुरपी दी?

कोयल को　　मैना को　　कौवा को　　अंडा को

5- कोयल ने किस उपाय से अपना अंडा बचा लिया?

उ.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

6- कोयल की सलाह मानकर मैना किसके-किसके पास गई?

उ.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

7- इस कहानी से मिलने वाली शिक्षा को अपने शब्दों में लिखिए|

उ.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

--------------000-------------